प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र



# न्यूज़ वाणी

राज्यसभा चुनाव-शरद पवार के दिल में क्या है? पेज- 2

www.newswani.in

ट्रक की टक्कर से किशोर सहित दो घायल, रेफर पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 62 | शुक्रवार 20 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## एआई क्रांति का नया दौर, पीएम मोदी ने पेश किया एमएएनएवी विजन

### कहा-एआई को मानवता का वरदान बनाएंगे, दुरुपयोग से बचाएंगे

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई को समूची मानवता के इतिहास में बदलाव की बड़ी क्रांति और सकारात्मक शक्ति बताते हुए कहा है कि इसका सकारात्मक और जिम्मेदाराना इस्तेमाल मानवता की भलाई के लिए वरदान है लेकिन इसका दुरूपयोग विनाश का कारण बन सकता है। उन्होंने एआई के बारे में भारत का दृष्टिकोण मानव भी प्रस्तुत किया जो इसके नैतिक, जवाबदेह, संप्रभु और कानूनी स्वरूप की रूपरेखा का उल्लेख करता है। उन्होंने कहा कि भारत का यह विजन 21 वीं सदी में मानवता के कल्याण की अहम कड़ी बनेगा। पीएम मोदी ने गुरु को यहां श्इंडिया एआई इम्पैक्ट श्सम्मेलन में दुनिया भर के प्रमुख एआई विशेषज्ञों, अनेक देशों के राष्ट्रध्यक्षों, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव इतिहास में कुछ सदी के बाद निर्णायक मोड़ आता है जो सभ्यता की दिशा तय करता है, जिससे सोचने का दृष्टिकोण बदलता है। उन्होंने कहा कि शुरू में उसके प्रभाव का अंदाजा भी नहीं होता लेकिन बाद में यही सभ्यता का आधार बनता है। उन्होंने



प्राचीन इतिहास के कई पड़ावों का उदाहरण देते हुए कहा कि ए आई मानव इतिहास में बदलाव की क्रांति है इससे मशीनों को बुद्धिमान बनाकर मानव सामर्थ्य को बढाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचीन पड़ावों की बात करें तो अंतर इतना है कि इस बार बदलाव की तेजी तथा इसका पैमाना अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए हमें विजन और जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी निभानी है। पीएम मोदी ने कहा कि कई बड़े सवाल हैं जैसे आने वाली पीढियों के हाथों में हम ए आई का क्या स्वरूप सौंप कर जायेंगे और इससे भी बड़ा सवाल यह है कि वर्तमान में हम एआई के साथ क्या करते हैं। उन्होंने परमाणु ऊर्जा का उदाहरण देते हुए कहा कि हमने इसका विनाश भी देखा और अब मानवता के लिए इसका सकारातमक योगदान भी देख रहे हैं। ऐसे ही ए आई भी सकारात्मक शक्ति है यदि यह दिशाहीन हुई तो विनाश और इसे सही दिशा मिली तो यह वरदान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एआई को श्सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखायश के दृष्टिकोण से देखता है और यही हमारा मानदंड है। उन्होंने कहा, ध्यान देने की बात यह है कि इंसान एआई के लिए केवल डेटा और कच्चा माल तक सीमित न रह जायें। इसलिए एआई का लोकतांत्रिकरण करना होगा, इसे समानता का माध्यम बनाना होगा, गलोबल साउथ पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि एआई को खुली छूट देनी होगी लेकिन नियंत्रण भी हाथ में रखना होगा, जिस दिशा में हम लेकर जायेंगे वैसा ही भविष्य तय होगा। पीएम मोदी ने एआई के लिए भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए मानव विजन भी प्रस्तुत किया। इसका मतलब एआई के इस्तेमाल का मूल नैतिकतापूर्ण प्रणाली, जवाबदेह शासन, राष्ट्रीय संप्रभुता, सुगम तथा समावेशी और वैध तथा कानूनी ढांचा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का यह श्मानवश विजन 21 वीं सदी में मानवता के कल्याण की अहम कड़ी बनेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को एआई में भाग्य और भविष्य दिखता है।

## सीएए से जुड़े मामलों पर पांच मई से सुनवाईय

### स्टालिन के चुनाव को चुनौती मामले में फैसला सुरक्षित

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (2019) की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली आईयूएमएल समेत 200 से ज्यादा याचिकाओं पर कहा कि इनकी अंतिम सुनवाई 5 मई से सुनवाई शुरू होगी। सीएए का मकसद हिंदू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदायों के उन प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करना है, जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से देश में आए थे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमालया बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने 2019–2020 से लंबित याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के संबंध में प्रक्रियात्मक निर्देश जारी किए। पीठ ने कहा कि इंडियन यूनियन ऑफ मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के साथ अन्य याचिकाकर्ताओं की याचिका पर डेढ़ दिन तक सुनवाई करेगी। केंद्र को अपनी दलीलें पेश करने के लिए एक दिन का समय दिया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पीठ 12 मई को याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर



लेगी। पीठ ने पक्षों को चार सप्ताह के भीतर अतिरिक्त दस्तावेज और दलीलें दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि वह पहले पूरे भारत में सीएए के लागू होने से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई करेगी और उसके बाद असम और त्रिपुरा से संबंधित याचिकाओं पर ध्यान देगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एआईएडीएमके नेता सैदाई एस दुरैसामी की ओर से दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह याचिका मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ है जिसमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके नेता एमके स्टालिन के खिलाफ उनकी चुनाव याचिका खारिज कर दी गई थी। याचिका में स्टालिन पर 2011 के विधानसभा चुनावों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और विजय बिश्नोई की पीठ ने दोनों पक्षों के वकीलों की ओर से दी गईं दलीलों को सुना।

## बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में दोषियों को मिली सजा, 18 साल बाद आजीवन कारावास

(एजेंसी) बलिया। जिले की एक स्थानीय अदालत ने खादीपुर मल्लाही चक गांव में हुए बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड के 18 वर्ष पुराने मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 11 अगस्त 2007 को बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के खादीपुर मल्लाही चक गांव में शैलेश कुर्मी नामक व्यक्ति ने पुलिस से मुखबिरी करने का शक होने पर राधा किसुन और स्वामी नाथ नाम के व्यक्तियों की हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में लक्ष्मण साहनी की तहरीर पर शैलेश कुर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश तिवारी ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए बुधवार को शैलेश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## विधानसभा को लेकर तैयारी की तेज,27 फरवरी को जारी होगा घोषणा–पत्र



(एजेंसी) तमिलनाडु। अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी ने राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, पार्टी जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की कोशिश में है। वहीं विजय की सीट समेत तमाम बड़ी सीटों को लेकर चर्चा तेज है। तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने चुनावी मैदान में संगठित प्रवेश का संकेत देते हुए 27 फरवरी को घोषणा पत्र जारी करने का एलान किया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहचान की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रारंभिक चरण में हर सीट के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। संभावित उम्मीदवारों की सूची में लगभग 80 प्रतिशत नाम जिला सचिवोंकेहै इससे स्पष्ट है कि पार्टी जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देना चाहती हैऔर स्थानीय संगठन को मजबूत करने पर जोर दे रही है। इसके अलावा, राज्य स्तरीय पदाधिकारियों और अनुभवी प्रशासकों के नाम भी सूची में शामिल किए गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है।

## बंगाल में चुनाव की आहट के साथ फिर सेटिंग की चर्चा जानिए सत्ता पाने में क्यों है इतना कारगर

(एजेंसी) बंगाल। विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। बंगाल की राजनीति में अक्सर प्रतिद्वंदी दलों के बीच गुप्त समझौते का मुद्दा बनता



और चुनाव पर इसका व्यापक असर भी होता है। तो आइए जानते हैं कि बंगाल के चुनाव में सेटिंग शब्द क्यों इतना चर्चा में रहता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में श्सेटिंगश ऐसा शब्द है, जो बहुत सुनने को मिलता है और यह शब्द रहस्य और आरोपकृदोनों का पर्याय बन चुका है। 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले यह शब्द एक बार फिर सियासी बहस के केंद्र में लौट आया है। प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच गुप्त समझौते (सेटिंग) के आरोप लग रहे हैं। राज्य की सत्ताधारी टीएमसी, मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा और वाम मोर्चा सभी एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। बंगाल की राजनीति में अक्सर सीपीमूल (सीपीआईएम और तृणमूल), बिजेमूल (भाजपा और तृणमूल) और राम–बाम (भाजपा और वाम मोर्चा) जैसे शब्द सुनाई देते हैं। टीएमसी लंबे समय से श्राम–बाम की थ्योरी पेश करती रही है, जिसके अनुसार 2019 के बाद वाम दलों के वोट धीरे–धीरे भाजपा की ओर स्थानांतरित हुए, जिससे भाजपा को मजबूती मिली। वहीं सीपीआई(एम) दोनों प्रमुख दलों पर एक–दूसरे के अस्तित्व से लाभ उठाने का आरोप लगाती है। भाजपा नेताओं का कहना है कि जब भी चुनावी समीकरण बनते हैं, टीएमसी और वाम दलों के बीच श्रणनीतिक सहयोगश दिखता है। चुनाव नजदीक आते ही यह बयानबाजी और तीखी हो गई है। शासन और विकास के मुद्दों से ध्यान हटकर कथित गुप्त गठबंधनों की चर्चा प्रमुख हो गई है। टीएमसी नेता कुनाल घोष ने श्सेटिंगश (गुप्त समझौते) के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जो राजनीतिक रूप से चुनौती नहीं दे पाते, वही ऐसी बातें गढ़ते हैं।

## TCM के राज्य सेवाओं में ज्यादा पद सृजन पर बवाल

### BJP बोली- अधिकारियों को गुमराह कर रहीं ममता

(एजेंसी) नई दिल्ली। ममता बनर्जी सरकार के नौ स्टेट कॉन्स्टीट्यूटेड सर्विसेज में 20: अतिरिक्त पद सृजित करने के फैसले पर भाजपा ने तीखा हमला बोला। अमित मालवीय ने इसे दिखावटी सुधार बताते हुए कहा कि डीए बकाया, प्रमोशन में देरी और प्रशासनिक असुरक्षा जैसे मूल मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। पश्चिम बंगाल में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य की राजनीति में गर्माहट तेज हो गई है। इसी बीच भाजपा ने गुरुवार को राज्य की सीएम ममता बनर्जी की उस घोषणा की कड़ी आलोचना की, जिसमें राज्य सरकार ने स्टेट कॉन्स्टीट्यूटेड सर्विसेज में अतिरिक्त पद (पोस्ट) बनाने का फैसला किया है। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख और पश्चिम बंगाल के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राज्य सरकार के इस पर फैसले पर तीखा हमला करते हुए सवाल उठाए हैं। बता दें कि बुधवार को ममता बनर्जी ने घोषणा की थी कि राज्य कैबिनेट ने नौ स्टेट कॉन्स्टीट्यूटेड सर्विसेज में विभिन्न वेतन स्तरों पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पद बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा था कि इस फैसले का मकसद वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना और विभिन्न सेवाओं के बीच समानता (पैरिटी) लाना है। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि अन्य स्टेट कॉन्स्टीट्यूटेड सर्विसेज में भी इसी तरह के कदम उठाने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है। मालवीय ने कहा कि यह कदम असल सुधार नहीं, बल्कि राज्य सिविल सेवा (ठैे एग्जीक्यूटिव) अधिकारियों को गुमराह करने की कोशिश है।



उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस फैसले को ऐतिहासिक सुधार के रूप में पेश कर रही है, लेकिन यह बहुत कम और बहुत देर से उठाया गया कदम है। मालवीय का कहना है कि सरकार केवल ढांचे में छोटे–मोटे बदलाव दिखाकर सुधार का माहौल बनाना चाहती है ।

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी का दावा, करणी सेना कार्यकर्ता का वीडियो वायरल

(एजेंसी) नई दिल्ली। करणी सेना के एक कथित कार्यकर्ता द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा करते हुए संबंधित वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया। वीडियो के वायरल होने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है और सत्तापक्ष तथा विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने वीडियो शेयर करते हुए आरोप लगाया कि यह कोई अलग–थलग घटना नहीं, बल्कि एक व्यापक और सुनियोजित अभियान का हिस्सा है। उन्होंने लिखा कि "पूरा आरएसएस–भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री' है।" खेड़ा ने कहा कि तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। उनके अनुसार, पहले एक झूठ गढ़ा जाता है, फिर उसे राजनीतिक स्तर पर दोहराया और फैलाया जाता है, जिससे समर्थकों के बीच नफरत और हिंसा का माहौल बनता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी को 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बताने जैसे बयान हिंसा को वैध ठहराने की कोशिश का हिस्सा हैं। वायरल वीडियो में खुद को करणी सेना का कार्यकर्ता बताने वाला व्यक्ति संसद में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के चौंबर में हुई कथित घटना का जिक्र करता दिखाई दे रहा है। उस व्यक्ति की पहचान राज आमेरा के रूप में बताई जा रही है, जो राजस्थान के कोटा स्थित उद्योग नगर क्षेत्र का निवासी बताया गया है। वीडियो में वह कहता है कि विपक्ष के 25 सांसदों ने ओम बिरला के साथ बदसलूकी की है और इसके लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया। उसने चेतावनी दी कि यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो संबंधित सांसदों के घरों में तोड़फोड़ की जाएगी। साथ ही उसने राहुल गांधी के खिलाफ गंभीर धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया। वीडियो में उसने यह भी कहा कि यदि उसकी इस टिप्पणी के कारण उसे जेल भी जाना पड़े, तो उसे इसकी परवाह नहीं है। उसने प्रशासन से 25 सांसदों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की। पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के बयान के बाद यह माहौल बना। खेड़ा के मुताबिक, रिजिजू ने यह दावा किया था कि कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष का अपमान किया, जिससे विवाद और बढ़ा। खेड़ा ने कहा कि भाजपा के कई सांसदों ने इसके बाद राहुल गांधी को 'भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बताया। कांग्रेस का आरोप है



कि इस तरह के बयान विपक्ष को बदनाम करने और उसके खिलाफ जनभावनाएं भड़काने का हिस्सा हैं। हालांकि, इस मामले में भाजपा या केंद्र सरकार की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है। इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि 11 फरवरी को सामने आए उस विवाद से जुड़ी है, जब भाजपा ने दावा किया था कि कांग्रेस के 20–25 सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के चौंबर में घुस गए और उनसे बदसलूकी की। भाजपा के अनुसार, उस समय प्रियंका गांधी और के.सी. वेणुगोपाल भी मौजूद थे।भाजपा ने आरोप लगाया कि विपक्षी सांसदों ने अनुचित व्यवहार किया। दूसरी ओर, विपक्ष ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी आपत्तियां संसदीय प्रक्रिया के तहत थीं। बाद में विपक्ष ने ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इस प्रस्ताव पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर बताए जा रहे हैं। सूत्रों के हवाले से यह भी दावा किया गया है कि ओम बिरला फिलहाल लोकसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेंगे और अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय के बाद ही स्पीकर की कुर्सी संभालेंगे। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है। बजट सत्र का वर्तमान चरण 13 फरवरी को समाप्त हो गया था। अब सदन की कार्यवाही 8 मार्च से दोबारा शुरू होगी। विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। राहुल गांधी को लेकर आई धमकी और ओम बिरला विवाद ने राजनीतिक माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया है। कांग्रेस इसे विपक्ष के खिलाफ डर और नफरत का माहौल बनाने की कोशिश बता रही है, जबकि भाजपा का कहना है कि संसद में शिष्टाचार और गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस घटनाक्रम ने एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी की सीमा और सार्वजनिक मंचों पर जिम्मेदारी की बहस को जन्म दिया है। करणी सेना के एक कथित कार्यकर्ता द्वारा राहुल गांधी को दी गई धमकी का वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस इसे सुनियोजित अभियान का हिस्सा बता रही है, जबकि भाजपा की ओर से औपचारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है। संसद में हुए कथित विवाद, अविश्वास प्रस्ताव और अब इस धमकी के मुद्दे ने राजनीतिक तनाव को और बढ़ा दिया है। आने वाले दिनों में संसद सत्र की बहाली और प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान यह मुद्दा और अधिक गरमा सकता है।

# सम्पादकीय

## अपनों के निशाने पर मोहसिन नक़वी

टी–20 विश्वकप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान को 61 रन से हार का सामना करना पड़ा। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज मोहम्मद यूसुफ पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी पर भड़क गए हैं। उनका


नफीस जाफरी

मानना है कि खेल में राजनीति को लगाने से पाकिस्तानी क्रिकेट का बेड़ा गर्क हो रहा है। पाक के पूर्व दिग्गज मोहम्मद यूसुफ ने पाकिस्तान की हार के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया और माना है कि देश में क्रिकेट इकोसिस्टम को राजनीतिक असर और पर्सनल एजेंडा से दूर जाने की ज़रूरत है। यूसुफ ने पीसीबी चीफ और देश के गृह मंत्री मोहसिन नकवी पर सीधा निशाना साधते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, जब तक हम पाकिस्तान क्रिकेट से राजनीतिक असर और पर्सनल एजेंडा नहीं हटाते, हम उस टीम में वापस नहीं आ सकते जो हम कभी थे। यह हमारे क्रिकेट इतिहास का सबसे बुरा दौर है, और इसके लिए मेरा दिल दुख रहा है। नाकाबिल लोगों को ऑफिस और टीम से हटा देना चाहिए। तो वहीं दूसरी ओर भारत की जीत के बाद पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज शोएब अख्तर गुस्से में हैं और पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी पर अपना गुस्सा निकाला। मैच के बाद अख्तर ने मोहसिन नकवी को फटकार लगाई है। एबीपी न्यूज पर बात करते हुए शोएब अख्तर ने माना है कि मोहसिन क्रिकेट नहीं जानते, पीसीबी के चेयरमैन बन गए हैं, इस कारण पाकिस्तान टीम का यह हाल हो रहा है। अख्तर ने कहा, एक आदमी जिसे कुछ नहीं पता, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का चेयरमैन (मोहसिन नकवी) बन गया है, आप क्या कर सकते हैं? टीम कैसे चलेगी? आपने एक ऐसे खिलाड़ी (बाबर आज़म) को सुपरस्टार बना दिया है जो आपको एक भी मैच नहीं जिता सकता. दुनिया का सबसे बड़ा गुनाह है नाकाबिल और जहील आदमी को बड़ा काम देना। भारत से हार के बाद पाकिस्तान में टीवी टूटने की खबर आ रही हैं। पूर्व क्रिकेटरों में मातम परसा हुआ हुआ है, पीसीबी चेयरमैन एकदम से आंखों की किरकिरी बने हैं। शुक्र है कि इस दौर में माहौल 1996 जैसा नहीं है, जब पाकिस्तान को बेंगलुरु में करारी हार के बाद कुछ खिलाड़ियों को कुछ दिन सऊदी अरब में ठहरना पड़ा था। किसी ने दूर–दूर तक नहीं सोचा था पाकिस्तान भारतीय धुरंधरों के समक्ष इस अंदाज में समर्पण कर देगा। बहरहाल, एक बड़े वर्ग का मानना है मैदान के भीतर के खेल से अलग पाकिस्तान ने मैदान पर ऐसी रणनीतिक गलती कर दी, जो उसकी मनोदशा की पोल खोलते हुए टीम को कहीं भारी पड़ गई। दरअसल पाकिस्तान का यह रणनीतिक फैसला टॉस बनाएगा बॉस पहलू से जुड़ा है। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने टॉस तो जीता, लेकिन वह बॉस नहीं बन सके। और वजह बनी बड़ी चूक। और वह यह थी कि सलमान आगा ने टॉस जीतने के बाद ऐसी पिच पर पहले बॉलिंग करने का फैसला ले लिया, जो समय गुजरने के साथ ही बैटिंग के लिए और मुश्किल हो चली थी। दोहरा उछाल का स्तर ऊंचा होने के साथ ही पिच पर धीमापन भी और ज्यादा हो चला था। लेकिन अगर ऐसा हुआ, तो इसके पीछे था आगा का एक बड़ा डर आगा के डर की शुरुआत कोलंबो के मौसम ने कई दिन पहले ही शुरू कर दी थी, लेकिन जब मौसम विभाग ने मैच के दिन रविवार को भारी बारिश और यहां तक कि हल्के तूफान की भविष्यवाणी की, तो पाकिस्तानी प्रबंधन का डर और पुख्ता हो गया। और इस डर के कारण आगा ने बाद के हालात की अनदेखी कर संभावित बारिश को आधार बनाकर पहले बॉलिंग का निर्णय लिया। इस के पीछे राय यह थी कि दूसरी पाली में न केवल सामने लक्ष्य स्पष्ट रहेगा, बल्कि अगर बारिश के कारण डकवर्थ लुईस नियम अमल में लाया जाता है, तो इस पहलू से भी फायदा मिलेगा।

# राज्यसभा चुनाव-शरद पवार के दिल में क्या है?


गुलफिशा खान

महाराष्ट्र की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार एक बार फिर से राज्यसभा चुनाव में उतरने की तैयारी में हैं। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के नेता और सांसद संजय राउत ने यह दावा किया। उन्होंने कहा कि एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार की इस इच्छा पर महाविकास अघाड़ी के घटक दल जल्द ही चर्चा करेंगे। जबकि वहीं दूसरी ओर संजय राउत ने एनसीपी के दोनों गुटों में विलय की संभावना से भी इनकार किया है। संजय राउत ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि उनकी हाल ही में शरद पवार से राज्यसभा जाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है। संजय राउत ने कहा, ष्मैंने पवार साहब से उनकी राय पूछी कि क्या वो राज्यसभा चुनाव लड़ेंगे? उन्होंने मुझसे स्पष्ट कहा कि वह चुनाव लड़ना चाहते हैं। संजय राउत ने आगे कहा कि 85 वर्षीय शरद पवार देश के सबसे वरिष्ठ सांसदों में से एक हैं। उनके पास लगभग 60 वर्षों का विधायी अनुभव है, जिसका लाभ सदन को मिलना चाहिए। गौरतलब है कि महाराष्ट्र की राजनीति का सबसे बड़ा नाम और वहां की राजनीति के पितामह कहे जाने वाले शरद पवार ने इस साल अप्रैल में होने राज्यसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। सियासी गलियारे में इस बात को लेकर काफी चर्चा है कि आखिर शरद पवार की इस बदली हुई रणनीति का कारण क्या है? क्योंकि उन्होंने ही पहले कहा था कि इस बार वो राज्यसभा का चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। वयोवृद्ध नेता ने कहा था कि वह 85 साल के हो चुके हैं। शरद पवार ने 50 साल के अधिक के राजनीतिक जीवन में 14 चुनाव लड़ें है और कभी हारे नहीं हैं। कुछ दिनों पहले जब उन्होंने राज्यसभा का चुनाव ना लड़ने की बात कही थी। तब यह तय हो चुका था कि दोनों एनसीपी का विलय 12 फरवरी को हो जाएगा और शरद पवार अपने भतीजे अजित पवार को महाराष्ट्र और बेटी सुप्रिया सुले को दिल्ली की राजनीति की बागडोर सौंप कर राजनीति से संन्यास ले लेंगे। मगर अजित



पवार के असामयिक निधन ने सब कुछ बदल दिया। अजित दादा के निधन के कुछ ही दिनों बाद सुनेत्रा पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री की शपथ ली। हालांकि, तब शरद पवार ने कहा संकेतों में नाराजगी जताते हुए कहा था कि ये बात उन्हें मीडिया से पता चली है। इसी के साथ यह भी तय हुआ कि अब दोनों एनसीपी का विलय भी नहीं होगा। इस बीच, शरद पवार के उत्तराधिकारी माने जाने वाले रोहित पवार दो दिनों तक दिल्ली में रहते हैं और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दावा करते हैं कि अजित पवार का विमान दुर्घटना एक हादसा नहीं साजिश थी। ऐसे हालात में शरद पवार का राज्यसभा सीट के लिए फिर से हामी भरना कई राजनीतिक समीकरण के संकेत दे रहा है। पहला संकेत ये मिल रहा है कि दोनों एनसीपी अब अलग–अलग राह पकड़ चुकी है। सुनेत्रा पवार एनडीए के साथ रहेंगी और शरद पवार वाली एनसीपी विपक्ष में। वैसे भी अपने इतने लंबे राजनीतिक सफर में शरद पवार कभी भाजपा के साथ नहीं गए। मतलब ये मामला अभी लंबा चलेगा क्योंकि अब कहा जा रहा है कि जब दोनों एनसीपी एक नहीं हो रहे तो शरद पवार को सक्रिय राजनीति से दूर नहीं रहना चाहिए क्योंकि उनके रहने भर से काफी फर्क पड़ेगा और वो आगे की रणनीति भी बनाएंगे जो शायद दोनों एनसीपी के हित में हों। परिवार में सबसे बड़े होने के नाते ऐसी बहली हुई परिस्थिति में उनका सक्रिय रहना जरूरी है। इसके साथ ही यह भी सवाल उठता है कि अभी जिस एनसीपी के विलय पर ब्रेक लगा है क्या यह आने वाले दिनों में संभव है? पर अभी सबसे बड़ा सवाल ये है कि शरद पवार राज्यसभा में आएंगे कैसे? क्योंकि एनसीपी (शरद) के पास महाराष्ट्र में केवल 10 विधायक हैं। हालांकि, कुछ दिन पहले शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने कहा था कि राज्य में पहले भी लोग निर्विरोध राज्यसभा चुनकर आए हैं। तो क्या शरद पवार निर्विरोध आएंगे? ये भविष्य के गर्भ में छिपा है। इसी साल अप्रैल में महाराष्ट्र के 7 सीटों के लिए चुनाव होने हैं। महाराष्ट्र में कुल 288 विधायक हैं और एक राज्यसभा सीट के लिए 37 वोट चाहिए। महाराष्ट्र में एनडीए कुल 228 विधायक हैं जिसमें भाजपा के 131,शिव सेना (शिंदे) के 57 और एनसीपी (अजित पवार) के 40। यानी एनडीए 7 में से 6 सीटें जीत सकती है। अब एनडीए ये तय करेगी कि कौन सी पार्टी कितनी सीटों पर लड़ती है। राज्य में दो फॉर्मूले की बात चल रही है। भाजपा 4, शिवसेना (शिंदे) 1, और एनसीपी (अजित) 1 सीट से चुनाव लड़ सकती है। या फिर भाजपा 3, शिंदे–2 और एनसीपी 1 सीट पर चुनाव लड़ सकती है। दूसरी तरफ पूरे विपक्ष के पास 46 विधायक हैं जिसमें शिवसेना (उद्धव) के 20,कांग्रेस के 16 और एनसीपी (शरद पवार) के 10 हैं। यानी पूरा विपक्ष किसी एक नाम पर सहमत हो तो एक उम्मीदवार को जितवा सकता है। ऐसे में शरद पवार से बेहतर नाम कोई और नहीं हो सकता है। कहते हैं ना जब तक शरद पवार हैं तब तक आप उन्हें देश और खासकर महाराष्ट्र की राजनीति से दूर नहीं कर सकते।

# कांग्रेस के लिए परेशानी का सबब बनते मणिशंकर अय्यर!


शबाब हुसैन

कांग्रेस के बुजुर्ग नेता मणिशंकर अय्यर अपनी ही पार्टी की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर अपने एक बयान को लेकर फिर चर्चा में हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं है कि जब मणिशंकर अय्यर के बयान ने सुर्खियों में जगह बनाई है। दरअसल मणिशंकर अय्यर ने कई बार ऐसे–ऐसे बयान दिए, जिसपर न केवल खूब राजनीति हुई बल्कि उनके बयानों से कांग्रेस पार्टी को बड़ा नुकसान भी उठाना पड़ा। गौरतलब है कि बीते दिनों केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर उन्होंने ऐसा बयान दिया, जिससे पार्टी को खुद से किनारा करना पड़ा। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा को यहां तक सफाई देनी पड़ी कि पिछले कुछ वर्षों से इस अनुभवी नेता का पार्टी से कोई संबंध नहीं है और वह पूरी तरह से अपनी व्यक्तिगत क्षमता में बोलते और लिखते हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने खेड़ा की पोस्ट को 'एक्स' पर टैग करते हुए कहा कि केरल की जनता अधिक जिम्मेदार और जवाबदेह शासन के लिए यूडीएफ को सत्ता में वापस लाएगी। हालांकि केरल वाले बयान पर बाद में मणिशंकर अय्यर की सफाई भी आई। उन्होंने कहा कि पिनराई विजयन के केरल के अगले मुख्यमंत्री होने संबंधी उनकी टिप्पणी को मीडिया ने "बढ़ा–चढ़ाकर पेश" किया है। अय्यर ने कहा कि यह टिप्पणी उनके भाषण में ''सिर्फ आधी पंक्ति की थी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार उत्‌ष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, ''यह भाषण मैंने योजना बोर्ड की प्रधान सचिव मैरी जोसेफ का वक्तव्य सुनने के बाद दिया था। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। अय्यर के इन बयानों से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ी हैं। भाजपा ने भी अय्यर के बयान के बहाने कांग्रेस पर हमला बोला है। दरअसल बीते दिनों मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि पिनराई विजयन केरल के मुख्यमंत्री के रूप में ''बने रहेंगे''। उनके इस बयान पर कांग्रेस ने खुद को अलग करते हुए कहा कि बीते कुछ सालों से अय्यर का कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। इस बीच मणिशंकर अय्यर ने भी पार्टी नेताओं पर हमला बोला। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पवन खेड़ा को रटा–रटाया पढ़ने वाला प्रवक्ता बताया। साथ ही कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को राउडी करार दे दिया। मणिशंकर अय्यर ने कहा– क्या आप सोच सकते हैं कि उस पार्टी की हालत क्या होगी, जो केसी वेणुगोपाल जैसे राउडी को सरदार पटेल और राहुल गांधी के लेवल तक ले जाती है? जवाब में मुझे बस इतना ही कहना है। मणिशंकर अय्यर ने कहा, डॉ. अंबेडकर की बायोग्राफी है– ए पार्ट अपार्ट। तो, मैं बस यही कह सकता हूं। राहुल गांधी भूल गए हैं कि मैं पार्टी का मेंबर हूं। इसलिए मैं गांधीवादी हूं, मैं नेहरूवादी हूं, मैं राजीववादी हूं लेकिन मैं राहुलवादी नहीं हूं। साथ ही मणिशंकर अय्यर ने तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन की तारीफ करते हुए कहा, अगर इंडिया ब्लॉक को एकजुट करना है तो मेरे ख्याल से इसे एकजुट करने के लिए एमके स्टालिन सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। अय्यर ने आगे कहा कि जब जवाहरलाल नेहरू के बाद







कामराज को भारत का प्रधानमंत्री बनने के लिए कहा गया तो उन्होंने सिर्फ एक वाक्य कहा था – न अंग्रेज़ी, न हिंदी. कैसे?ष एमके स्टालिन भी उसी स्थिति में हैं। मणिशंकर अय्यर ने आगे कहा कि राहुल गांधी भारत के प्रधानमंत्री बन सकते हैं, बशर्ते कोई ऐसा व्यक्ति हो जो अपना सारा समय इंडिया ब्लॉक को एकजुट करने में लगाए। वे एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने नारे नहीं, बल्कि मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कभी सूट–बूट सरकार, चौकीदार चोर है, वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे नहीं लगाए। स्टालिन ने पिछले एक साल में भारत में संघवाद से संबंधित हर मुद्दे को उठाया है। इसलिए, मेरा मानना है कि वे इंडिया ब्लॉक के अध्यक्ष बनने के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं और उनमें यह महान गुण है कि वे राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने के रास्ते में बाधा नहीं बनेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने खेड़ा की पोस्ट को 'एक्स' पर टैग करते हुए कहा कि केरल की जनता अधिक जिम्मेदार और जवाबदेह शासन के लिए यूडीएफ को सत्ता में वापस लाएगी। हालांकि केरल वाले बयान पर बाद में मणिशंकर अय्यर की सफाई भी आई। उन्होंने कहा कि पिनराई विजयन के केरल के अगले मुख्यमंत्री होने संबंधी उनकी टिप्पणी को मीडिया ने "बढ़ा–चढ़ाकर पेश" किया है। अय्यर ने कहा कि यह टिप्पणी उनके भाषण में ''सिर्फ आधी पंक्ति की थी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार उत्‌ष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, ''यह भाषण मैंने योजना बोर्ड की प्रधान सचिव मैरी जोसेफ का वक्तव्य सुनने के बाद दिया था। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा यह कहे जाने पर कि अय्यर अब पार्टी से जुड़े नहीं हैं, इसपर उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ही उन्हें संगठन से बाहर कर सकते हैं। मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी के बाद भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा, राहुल गांधी पर किसी भी नेता को भरोसा नहीं।

# काज़ी-ए-शहर का इंतकाल, उमड़ा जनसैलाब

### – हसवा स्थित आबाई कब्रिस्तान में बाद नमाज जोहर हुए सुपुर्द–ए–खाक

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। काज़ी–ए–शहर, आलिम–ए–दीन और मुअज्ज़ज़ रूहानी शख्सियत कारी फरीद उद्दीन क़ादरी का गुरूवार की भोर अचानक इंतेक़ाल हो गया। जैसे ही यह खबर सार्वजनिक हुई तो पूरे शहर व आसपास के इलाक़ों में रंजो–ग़म की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे और परिवार को ढाढंस बंधाया। हसवा स्थित आबाई कब्रिस्तान में बाद नमाज जोहर सुपुर्द–ए–खाक किया गया। बताते चलें कि कारी फरीद उद्दीन क़ादरी अपनी दीनी खिदमात, इल्मी बसीरत, अख़लाक और सामाजिक रहनुमाई की वजह से अवाम में बेहद मक़बूल थे। उनका इंतेक़ाल जिले के लिए एक ना–क़ाबिले–तलाफ़ी नुक़सान है। शहर मरहूम को ख़िराज–ए–अक़ीदत पेश करता है और पसमांदगान से दिली ताज़ियत व गहरी हमदर्दी का इज़हार करता है। सुन्नी काजी–ए–षहर के ओहदे पर वर्श 2009 में वह काबिज हुए थे। उसके बाद से वह लगातार मुस्लिम समुदाय की रहनुमाई कर रहे थे। उनके इंतकाल की खबर पर लोगों में रंजो गम देखा गया। हसवा स्थित आबाई कब्रिस्तान पर तदफीन के मौके पर बड़ी संख्या में लोग उमड़े। नमाज–ए–जनाजा पढ़ाकर सुपुर्द–ए–खाक किया गया।

# ट्रेन से गिरकर युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा व सतनरैनी स्टेशन के बीच पूरा गांव के पास बुधवार की सुबह कालिन्द्री एक्सप्रेस से गिरकर 45 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे आरपीएफ पुलिस ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी राजाराम कश्यप का पुत्र राजेश कश्यप सुबह कालिन्द्री एक्सप्रेस से प्रयागराज जा रहा था। बताते है कि जैसे ही ट्रेन पूरा गांव के समीप पहुंची तभी अचानक गेट में बैठा राजेश कश्यप चलती ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। उधर आरपीएफ में तैनात हे0कां0 राना मौर्या ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# इमरान के लिए आगे आए सुनील, कपिल

समीर

क्रिकेट को भद्रजनों का खेल क्यों कहा जाता है, यह बात 14 पूर्व कप्तानों ने साबित कर दिखाई है। पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेटर इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर पांच देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तानी सरकार को पत्र लिखा है। इन पूर्व कप्तानों ने पाकिस्तान की सरकार से मांग की है कि इमरान खान के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए और उनका बेहतर तरीके से इलाज कराया जाए। अच्छी बात ये है कि इस पत्र के हस्ताक्षरकर्ताओं में सुनील गावस्कर और कपिल देव भी हैं, और साथ में सौरव गांगुली ने भी इमरान खान के लिए चिंता जाहिर की है। वर्ना बीते कुछ वक्त से भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का भी ऐसा राजनीतिकरण किया गया है जिसे देखकर अफसोस होता है। दोनों देशों के बीच दुश्मनी का फायदा हमेशा से राजनेताओं को होता रहा है, इसलिए इसे खत्म करने की जगह बढ़ाया जाता रहा है। लेकिन यह देखकर दुख होता है कि जनता कितने जल्दी झांसे में आ जाती है। पुलवामा, पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों के बीच जो सामान्य शिष्टाचार के तहत बात होती थी, वह भी बंद है। लेकिन भारत–पाक के मैच में सट्टेबाजी और विज्ञापनों से होने वाली कमाई को दोनों देश नहीं खोना चाहते, इसलिए जानी दुश्मनी दिखाने के बावजूद मैच खेले जा रहे हैं। उस पर तुर्रा यह कि क्रिकेट खिलाड़ी मैदान में एक–दूसरे से हाथ नहीं मिलाएंगे। खिलाड़ी अगर ये कहें कि हम मैच फीस नहीं लेंगे, तब तो उनकी देशभक्ति समझ आए, लेकिन कमाई भी करेंगे और खेल भावना का परिचय भी नहीं देंगे, यह कैसा दोहरा चरित्र है। बहरहाल, नए दौर के खिलाड़ियों ने खेल भावना न दिखाकर जितना निराश किया है, पुराने दौर के दिग्गज खिलाड़ियों ने उससे कहीं ज्यादा उम्मीद से भर दिया है। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और कपिल देव, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ, ईयान चौपल, किम ह्यूज और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान बेलिंडा क्लार्क, इंग्लैंड के माइक अथर्टन, नासिर हुसैन, माइक ब्रेयरली और डेविड गॉवर, वेस्ट इंडीज के क्लाइव लॉयड और न्यूजीलैंड के जॉन राइट ने पाकिस्तान की सरकार को अपने हस्ताक्षर के साथ पत्र भेजा है, जिसमें कहा गया है कि श्हम अपने–अपने देशों की राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के पूर्व कप्तान हैं और इमरान खान के साथ हुए कथित व्यवहार और जेल के हालात को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। इमरान खान पाकिस्तान के पूर्व कप्तान होने के साथ–साथ विश्व क्रिकेट के एक दिग्गज खिलाड़ी भी हैं। कप्तान के रूप में उन्होंने 1992 क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाई। एक ऐसी जीत जो कौशल, दृढ़ता, नेतृत्व और खिलाड़ियों वाली भावना पर आधारित थी और जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया। हममें से कई लोगों ने उनके खिलाफ खेला, उनके साथ मैदान साझा किया, या फिर उनकी ऑलराउंड क्षमता, व्यक्तित्व और प्रतिस्पर्धी जज्बे की वजह से उन्हें अपना आदर्श माना। वह आज भी दुनिया के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों और कप्तानों में गिने जाते हैं, जिन्हें खिलाड़ी, प्रशंसक और प्रशासक सभी सम्मान देते हैं। क्रिकेट के अलावा इमरान खान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में भी काम किया। राजनीतिक नजरिए से अलग उन्हें अपने देश के सबसे ऊंचे पद पर लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाने का सम्मान मिला है। पत्र में आगे उनकी सेहत को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है, और खासकर हिरासत में रहते हुए उनकी नजर तेजी से खराब होने की बात कही गई है। इस पत्र में लिखा है, श्क्रिकेटर होने के नाते हम निष्पक्षता, सम्मान और खेल भावना के उन मूल्यों को समझते हैं जो मैदान की सीमाओं से आगे जाते हैं। हम मानते हैं कि इमरान खान जैसी शख्सियत के साथ गरिमा और बुनियादी मानवीय संवेदनाओं के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इस पत्र में शाहबाज सरकार से तीन मांगें की गई हैं। पहली मांग इमरान खान की इच्छा के मुताबिकध् योग्य विशेषज्ञ डॉक्टरों से उनका तुरंत और लगातार इलाज कराया जाए। दूसरी मांग, अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से जेल के मानवीय और सम्मानजनक हालात बनाए जाएं, जिनमें परिवार के सदस्यों से नियमित मुलाकात शामिल हो। तीसरी मांग, बिना किसी देरी या बाधा के निष्पक्ष और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाए। पत्र में लिखा है कि, श्क्रिकेट हमेशा से देशों के बीच पुल का काम करता रहा है। मैदान की प्रतिद्वंद्विता स्टंप्स उखड़ने के साथ खत्म हो जाती है और सम्मान बना रहता है। इमरान खान ने अपने पूरे कॅरियर में इसी भावना को जिया। हम अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि वे आज भी मर्यादा और न्याय के उन्हीं सिद्धांतों को निभाएं। यह अपील बिना किसी कानूनी प्रक्रिया में हस्तक्षेप के पूरी खेलभावना और मानवता के आधार पर की जा रही है। शाहबाज सरकार को अगर अपनी वैश्विक छवि की जरा भी चिंता होगी तो वह इस पत्र में लिखी बातों का सम्मान करेगी। वर्ना अपने राजनैतिक प्रतिद्वंद्वी से कैसा अमानवीय व्यवहार किया जाता है, इसकी कई मिसालें पाकिस्तान पहले भी पेश कर चुका है। हालांकि अफसोस की बात है कि पत्र के हस्ताक्षरकर्ताओं में पाकिस्तान के एक भी पूर्व खिलाड़ी का नाम नहीं है। विदित है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और देश को एकमात्र विश्वकप दिलाने वाले क्रिकेट खिलाड़ी इमरान खान पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद हैं। उन पर अलग–अलग मामलों में कुल 31 साल की सजा हुई है। पाकिस्तान में सेना और आईएसआई के खिलाफ जाने वाले राजनेताओं का जो बुरा हश्र होता रहा है, इमरान खान उसी की एक मिसाल हैं। खेल से हासिल अपनी लोकप्रियता को उन्होंने राजनीति के मैदान में भुनाना चाहा और इसमें उन्हें सफलता भी मिली। लेकिन खेल की तरह राजनीति की रणनीतियां नहीं होती हैं, लिहाजा इमरान खान जितनी जल्दी प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे, उतनी ही तेजी से उनका बतौर राजनेता पतन हुआ। अब हालत ये है कि इमरान खान को एकाकी कैदी बनाकर रखा गया और काफी दिनों तक उनकी कोई खोज–खबर नहीं रही। बीच में कई खबरें ऐसी आईं जिनमें उनकी जान पर खतरा बताया गया। इस बीच पाकिस्तान में उनकी बहन अलीमा खानम ने भी इमरान समर्थकों के साथ मोर्चा खोला, तब जाकर उनकी तबियत पर खबरें बाहर आईं। पता चला कि उनकी दाईं आंख में सिर्फ 15 प्रतिशत रोशनी ही बची है। हालांकि गृह मंत्री मोहसिन नकवी दावा कर रहे हैं कि इमरान खान को बिल्कुल अच्छे से रखा जा रहा है और उनके इलाज में देरी उनकी बहन की वजह से हुई है। बहरहाल, सरकार ने फैसला लिया है कि इमरान खान को उनकी आंखों के इलाज के लिए एक स्पेशल मेडिकल इंस्टीट्यूशन में शिफ्ट किया जाएगा। इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट भी सुप्रीम कोर्ट को सौंपी जाएगी। अब देखना होगा कि पाक सरकार इमरान खान के साथ आगे क्या सलूक करती है।

# दो वारंटी अभियुक्तगिरफ्तार, न्यायालय में किया गया पेश



न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना एलाऊ पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस टीम ने दिनांक 19.02.2026 को वारंटी अभियुक्त श्रीचंद पुत्र अन्नू, निवासी ग्राम अजीतगंज, थाना एलाऊ, जनपद मैनपुरी (उम्र करीब 65 वर्ष) को मुकदमा संख्या 1176द्25 धारा 323, 504, 506 भादवि से संबंधित मामले में गिरतार किया। उक्त मामला अपर सिविल जज (अवर वर्ग) द्द एफटीसी–14, वित्त आयोग, मैनपुरी न्यायालय में विचाराधीन है। इसी क्रम में पप्पू उर्फ इकबाल पुत्र सिकंदर खां, निवासी मोहल्ला ऊंचा बिरतिया, थाना छिबरामऊ, जनपद कन्नौज (उम्र करीब 42 वर्ष) को एसटी नंबर 78द्14, अपराध संख्या 106द्14 धारा 392 भादवि से संबंधित प्रकरण में गिरतार किया गया। संबंधित मामला स्पेशल जज (डकैती प्रभावित क्षेत्र), मैनपुरी न्यायालय में विचाराधीन है। दोनों वारंटी अभियुक्तों को उनके निवास स्थान से गिरतार कर माननीय न्यायालय मैनपुरी के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया। गिरतार करने वाली टीम में शामिल रहे. थानाध्यक्ष अवनीश कुमार त्यागी, उपनिरीक्षक लाखन सिंह, उपनिरीक्षक गिरीश कुमार, उपनिरीक्षक योगेश कुमार, हेड कांस्टेबल 571 दुश्यंत सिंह, थाना एलाऊ, मैनपुरी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कांग्रेस कमेटी मऊद्वारा विभिन्न मांगो को लेकर पूर्व सांसद जयबहादुर सिंह की मूर्ति के सामने किया गया धरना प्रदर्शन



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला कलेक्ट्रेट मऊ स्थित पूर्व सांसद जय बहादुर सिंह की मूर्ति के सामने लखनऊ में कांग्रेसियों पर हुए लाठीचार्ज वाराणसी दालमंडी में हिंदू मंदिरों को तोडने तथा अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को खंडित करने तथा मनरेगा को समाप्त करने के विरोध की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों द्वारा मनरेगा को बहाल करने , वाराणसी दाल मंडी विध्वंस को रोकने तथा प्रदर्शनकारियों पर किए गए लाठीचार्ज के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध मुख्यमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी की निंदा की गई तथा मांग की गई की हिंदू धर्म के रक्षक शंकराचार्य के विरुद्ध टिप्पणी करना अशोभनीय है इसके लिए मुख्यमंत्री को माफी मांगना चाहिए। इलाहाबाद में बटुकों की चोटी खींची गयी यह सनातन का अपमान है जिसे कोई स्वीकार नहीं करेगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के उपाध्यक्ष श्री उदय प्रताप राय जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह शहर कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के अध्यक्ष सोहेल अहमद एडवोकेट प्रदेश सचिव अरविंद सिंह राजेश सिंह रामकरण यादव शिवाजी कनौजिया शिवप्रसाद श्रीवास्तव सुखराम चौहान आरती प्रजापति ब्रह्मानंद पांडे सरोज पांडे जिला सचिव सच्चिदानंद राय अशोक राय सुरेश राजभर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

## -जन शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक ज्यादा होने के कारण आईजीआरएस की रैंकिंग में गिरावट,जिलाधिकारी ने जताई कड़ी नाराजगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान डी ग्रेड आने पर उन्होंने समस्त विभागों को असंतुष्ट फीडबैक कम करने के निर्देश दिए। विशेष कर ब्लॉक स्तर पर विकास विभाग के ज्यादा असंतुष्ट फीडबैक पाए गए। इसके अलावा .षि, पंचायती राज, जल निगम ग्रामीण, श्रम विभाग, बेसिक शिक्षा, नगर विकास तथा ग्राम विकास विभाग के असंतुष्ट फीडबैक ज्यादा थे। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए समस्त प्राप्त आख्या का स्वयं अध्ययन कर तथा शिकायतकर्ता से बात कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने को कहा। अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना में सी,ग्राम विकास विभाग के डे एनआरएलएम में सी, जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना में बी,फैमिली आईडी में बी, पिछड़ा वर्ग कल्याण के शादी अनुदान योजना में सी, महिला एवं बाल विकास के पोषण अभियान में डी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के ओ डी ओ पी टूल किट योजना में डी,समाज कल्याण के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में बी ग्रेड समीक्षा के दौरान पाई गई। जिला अधिकारी ने ऐसे समस्त संबंधित विभाग के अधिकारियों को विशेष प्रयास करते हुए ग्रेडिंग में सुधार करने को कहा, जिससे जनपद विकास कार्यों की रैंकिंग में टॉप टेन में शामिल हो सके। पी एम सूर्य घर मुत योजना की रैंकिंग में सुधार हेतु उन्होंने पी ओ नेडा को प्रतिदिन कम से कम 10 से ज्यादा कनेक्शन कराने को कहा। राष्ट्रीय ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण समय से ना पूरे करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिशासी अभियंता को इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजना का लाभ समस्त पात्रों को दिलाने को कहा। इसी प्रकार दिव्यांग पेंशन एवं विधवा पेंशन के समस्त लंबित प्रकरणों को भी उन्होंने समय सीमा के अंदर ही निपटाने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की धीमी प्रगति पर उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को कोटेदारों के माध्यम से इसमें तेजी लाने को कहा। सामाजिक वनीकरण की समीक्षा के दौरान उन्होंने समस्त विभागों को, जिनके द्वारा सफलता प्रतिशत की आख्या अभी तक प्रेषित नहीं की गई है तत्काल डीएफओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा विभाग में विद्यालय निरीक्षण कार्य शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश समस्त संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। निराश्रित गोवंश संरक्षण की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सीसीटीवी कैमरो की नियमित मॉनिटरिंग करने के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत के सरकारी भूमि पर हरे चारे की व्यवस्था अवश्य ही करने को कहा। कन्या सुमंगला योजना की सफलता हेतु उन्होंने चिकित्सा, बेसिक एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को पहले पुत्री के जन्म के उपरांत तथा पहली कक्षा में प्रवेश के उपरांत इसका इस योजना का लाभ दिलाए जाने को कहा। ज्ञातव्य है कि कन्या सुमंगला योजना की पात्रता हेतु दो बच्चों वाले परिवार ही चयनित होते हैं, जिसमें बेटी पैदा होने पर विभिन्न अवस्थाओं में उसे सरकार द्वारा सहायता राशि प्रदान की जाती है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उनके विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने हेतु विशेष प्रयास करने को कहा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी उमेश चंद तिवारी सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिन से बंद विद्यालय छात्र हुए परेशान सूचना पाकर मौके पर पहुचे एबीएसए ने दोषी अध्यापकों पर की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव सीतापुर। सीतापुर जनपद के विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायत बरियाडीह में प्राथमिक विद्यालय बरियाडीह में तीन दिन से अध्यापकों के न आने से विद्यालय लगातार बंद रहने के कारण छात्र छात्राऐं प्रतिदिन विद्यालय आकर परेशान होकर के लौट जाते थे।जिससे बच्चों के अभिभावकगण परेशान रहते थे।सूचना पाकर मौके पर मीडिया के पहुंचने से सारा मामला खुलकर सामने आ गया।ग्रामीणों की सूचना पर हरगांव क्षेत्र के एबीएसए ने पहुंच कर निरीक्षण किया।तब पता चला कि प्रधानाध्यापक सहित अध्यापकगण अपनी मनमानी के अनुसार शिक्षण कार्य कर रहे थे।जिससे नाराज होकर एबीएसए ने प्रधानाध्यापक सहित




अध्यापकगणों पर विधिक कार्यवाई की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायत बरियाडीह में बने प्राथमिक विद्यालय प्रधानाचार्य व अध्यापकों की मनमानी के कारण विद्यालय तीन दिनों से लगातार बंद चला आ रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर एबीएसए हरगांव रमाकांत मौर्य विद्यालय निरीक्षण हेतु गुरूवार को जब प्राथमिक विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय अन्य दिनों की भांति बंद मिला।निरीक्षण के दौरान पूछने पर ग्रामीण अभिभावकों व छात्र नासिर आलम,कार्तिक, आलोक,राधिका,अंशिका, शालिनी, अंजलि, अर्पित, सौम्या तबस्सुम,दीपाली व अरसद ने बताया कि प्रधानाध्यापक प्रशांत गुप्ता है जो कभी भी नहीं आते है तथा अध्यापक निशांत राय व नीलम भी तीन दिन से नहीं आ रहे है। अध्यापकों के न आने से छात्र छात्राओं की पढाई भी बाधित हो रही है।निरीक्षण के बाद एबीएसए रमाकांत मौर्य ने बताया कि अध्यापकों के व्दारा अवैध ढंग से छात्रों के शिक्षण कार्य को बाधित किया है।उसके लिए दोषी शिक्षकों के खिलाफ वेतन रोकने सहित अन्य विधिक कार्यवाई की जाएगी।

# समाजवादी पार्टी द्वारा आज मऊ जनपद का जिला उपाध्यक्ष अंगद यादव को बनाया गया

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ । समाजवादी पार्टी मऊ जनपद कार्यालय पर आज दिनांक 19 फरवरी 2026 को 12रू00 बजे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा० राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदेश पार्टी श्री दूधनाथ यादव ने आनंद कुमार यादव को माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए कहा कि आनंद यादव बहुत लंबे समय से कौमी एकता दल से जुड़े हुए थे उनके आने का मकसद है पूरी कौमी एकता दल समाजवादी पार्टी के सपोर्ट में मुठभेड़ दिख रही है वहीं थाने घूसखोरी का बहुत बड़ा अड्डा बन गया है जनता न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी है किसान परेशान हो चुका है नौजवान बेरोजगारी की वजह सड़कों पर घूम रहा है मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही है उत्तर प्रदेश अब उत्तर




अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल के द्वारा जनपद मऊ में समाजवादी पार्टी के पार्टी जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत युवा चेहरा और संघर्षों के साथी आनंद यादव को नियुक्त करके जनपद ही नहीं पूरे पूर्वांचल में संदेश देने का सराहनीय कार्य किया है कि मऊ के साथ–साथ पूर्वांचल के प्रत्येक विधानसभा व लोकसभा पर समाजवादी पार्टीका का कब्जा होने जा रहा है जिलाध्यक्ष समाजवादी कौमी एकता दल का समाजवादी पार्टी में विलय हो गया है अब समाजवादी पार्टी पूर्वांचल में 2027 का चुनाव बहुत लंबे फासले से जीतकर उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में चारों तरफ अराजकता असमानता तथा भय का वातावरण फैला हुआ है प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार महंगाई से कराह रही है वही अधिकारी बेलगाम बने हुए हैं पुलिस निहत्थों को बगैर जुर्म के उनको अपराधी बनाकर प्रदेश नहीं अराजकता का प्रदेश बन चुका है सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है केवल फर्जीवाड़ा गुंडागर्दी एक जात विशेष का सत्ता पर कब्जा बनकर रह गया है जिसको जनता उखाड़ फेंकने के लिए व्याकुल है ऐसे में आनंद यादव और उनके बड़े लोगों का समाजवादी पार्टी में आना हमारे लिए 2027 का चुनाव बड़े अंतर से जीतने का एक रास्ता मिल गया है । 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर प्रदेश को फिर से अमन चौन और खुशहाल किया जाएगा और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश को बहुत ऊंचाइयों तक लेकर जाया जाएगा आज आनंद यादव के गरिमा में पार्टी में उपस्थित हमारे लिए बहुत बड़ी शक्ति प्रदान करता है पार्टी में आने के लिए इनका आभार व्यक्त किया जाता है आज के स्वागत समारोह में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हाजी ईरफान पूर्व, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव प्रताप यादव मुन्ना, जिला महासचिव कुददूश अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष रामधनी चौहान, जिला उपाध्यक्ष पंकज उपाध्याय, विधानसभा अध्यक्ष राम प्रकाश यादव बबलू, युवजन सभा जिलाध्यक्ष राजेश याद ,ब्लॉक अध्यक्ष उमाकांत यादव नगीना यादव, बबलू यादव, अशोक काका देवेंद्र चौहान जितेंद्र यादव, रामाश्रय यादव, बबलू यादव उमेश यादव राजेंद्र यादव,दिनेश यादव अनिल सिंह, अशोक यादव ,शंभू सोनकर, अशोक पाल ,सुभाष चंद्र राव, धर्मेन्द्र यादव बिहारी,अखिलेश यादव, श्रीकांत यादव,आदि ने संबोधित किया। संचालन जिलमहासचिव कुद्दूस अंसारी ने किया।

# 20 व 21 फरवरी को आयोजित होगा परिवहन मेला

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच । सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि वाहन स्वमियों को बार–बार कर भुगतान की जटिल एवं समय–साध्य प्रक्रिया से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार कर एक मुश्त कर ढांचे को लागू किया गया है। यह व्यवस्था तकनीकी रूप से वाहन पोर्टल पर लाइव हो गयी है। भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटर साईकिल, तिपहिया मोटर कैब एवं मैकसी कैब संनिर्माण उपस्कर यानधविशेष प्रयोजन यान माल वाहन, राज्य परिवहन उपक्रम के स्वामित्वाधीन सार्वजनिक सेवा यान आदि के सम्बंध में उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 की धारा–4 में संशोधन करते हुए एक मुश्त कर ढांचे को लागू किया गया है। एआरटीओ ने बताया कि एकमुश्त कर व्यवस्था से संबंधित नियमों, कर निर्धारण की प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय–सीमा के संबंध में वाहन स्वामियों एवं विभिन्न ट्रॉसपोर्ट संगठनों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से परिवहन कार्यालय परिसर में 20 एवं 21 फरवरी को परिवहन मेले का आयोजन किया गया है। परिवहन मेले में वाहन स्वामियों की शंकाओं का समाधान करते हुए मौके पर ही आवश्यकतानुसार कर भुगतानध्समायोजन की सुविधा प्रदान की जायेगी।

# विधायक किरत सिंह ने विधानसभा में सतगुरु समनदास चेरिटिबल के सौंदर्यीकरण की मांग उठाई



न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता सहारनपुर। क्षेत्रीय विधायक किरत सिंह द्वारा विधानसभा में क्षेत्र में विकास के लिए आवाज उठाते हुए नानौता स्तिथ श्री सतगुरु समनदास चेरिटेबल ट्रस्ट महत्वपूर्ण सत्संग स्थल का सौन्दर्यकरण कराये जाने की मांग की।यूपी में भाजपा सरकार के लोकप्रिय विधायक किरत सिंह द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विकास कार्यों की मांग करते हुए गांगोह विधानसभा में लगातार एक के बाद एक विकास कार्य कराये जाने का काम किया जा रहा है। चाहे वह गांगोह से नानौता होकर देवबन्द सड़क का चौड़ीकरण हो चाहे वह गांव व कस्बों में बनाई गई सीसी सड़क हो। इन सब में विधायक किरत सिंह की जनता के प्रति लगाव व चुनाव में जनता से किये गए वादों को पूरा करने जैसा है। यही कारण ही क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन उन्हें प्राप्त है।

# यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर पुलिस प्रशासन दिखा शक्त



न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी मेंयूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन और पुलिस प्रशासन दोनों ही सख्त नजर आए बोर्ड परीक्षा को देखते हुए नकल विहीन बनाने के लिए मैनपुरी में प्रशासन सख्त है किसी भी तरह से नकल ना हो इसलिए प्रशासन हर तरीके से शक्ति दिख रहा है मैनपुरी ब सिटी संतोष कुमार ने स्कूलों में जाकर पुलिस व्यवस्था और भी व्यवस्थाएं देखी और स्कूल से लगभग 100 मीटर दूर बाहन खड़े ना करने के दिए निर्देश किसी भी तरह से लापरवाही ना बढ़ती जाए और वही बोर्ड परीक्षा को देखते हुए जिला अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने भी स्कूलों का किया निरीक्षण और व्यवस्थाएं देखी छात्र–छात्राएं पेपर देकर एक अलग ही चेहरे पर मुस्कान दिखी वहीं छात्राओं ने बताया कि पेपर तो सरल था जिन्होंने थोड़ा भी पड़ा है तो उनके लिए पेपर कठिन नहीं था 18 फरवरी से हुई बोर्ड एग्जाम में पहला पेपर हिंदी का था जो की छात्रों में अलग ही मुस्कान दिखाई दी है छात्रों ने बताया कि जैसा की हिंदी का पेपर आया है उसी हिसाब से देखा जाए तो साइंस और मैथ का पेपर आएगा तो छात्र–छात्राओं का परसेंटेज अच्छा ही जाएगा जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जीआईसी इंटर कॉलेज और कुआर आरसी इंटर कॉलेज नेशनल इंटर कॉलेज भोगांव का भी जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण और व्यवस्थाएं देखें वहीं सूरजमुखी यादव इंटर कॉलेज विकासखंड जागीर के चौधरी सूरज सिंह यादव इंटर कॉलेज का भी किया निरीक्षण।

# 22 फरवरी को होगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन।

न्यूज वाणी ब्यूरो / मऊ। माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में तथा माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ श्री संजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2026 को कम्युनिटी हॉल, मऊ में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन प्रस्तावित है। इस शिविर में समस्त सरकारी विभागों से समन्वय स्थापित करके निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चों, स्त्रियों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं का प्रदर्शन एवं प्रचार–प्रसार किया जाएगा। विभिन्न प्रकार की जन लाभकारी योजनाओं के लिए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग, महिलाओं, बच्चों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक व दिव्यांगजनों को विधिक रूप से सशक्त बनाना, न्याय तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार लगने वाले इस शिविर के माध्यम से लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ–साथ सरकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ साक्षी सिंह ने अवगत कराया कि इसमें प्रतिभाग करने के लिए जनमानस को निरन्तर पराविधिक स्वयंसेवकों के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है तथा सरकारी योजना के लाभ की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है।उक्त वृहद शिविर से पहले जनपद के विभागों द्वारा लघु शिविर लगाये जा रहे हैं, जहां पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें 22 फरवरी 2026 को योजनाओं का सीधा लाभ दिलाया जाएगा।


## होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा त्योहार के दृष्टिगत रेल यात्रियों की सुविधाजनक आवागमन को ध्यान में रखते हुये निम्न विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है। निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव एवं मार्ग के अनुसार चलेंगी, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी सं. | स्टेशन | | संचालन की तिथि | |
|---|---|---|---|---|
| | से | तक | से | तक |
| 03257* | दानापुर | आनन्द विहार (ट.) | 08.03.2026 | --- |
| 03258* | आनन्द विहार (ट.) | दानापुर | 09.03.2026 | --- |
| 05559 | रक्सौल | उधना | 07.03.2026 | --- |
| 05560 | उधना | रक्सौल | 08.03.2026 | --- |
| 03251 | दानापुर | सर एम. विश्वेश्वरय्या (ट.) बेंगलूरु | 05.03.2026 | 31.03.2026 |
| 03252 | सर एम. विश्वेश्वरय्या (ट.) बेंगलूरु | दानापुर | 07.03.2026 | 02.04.2026 |
| 03309 | धनबाद | दिल्ली | 07.03.2026 | 10.03.2026 |
| 03310 | दिल्ली | धनबाद | 08.03.2026 | 11.03.2026 |
| 05557 | रक्सौल | लोकमान्य तिलक(ट.) | 10.03.2026 | 31.03.2026 |
| 05558 | लोकमान्य तिलक(ट.) | रक्सौल | 12.03.2026 | 02.04.2026 |
| 05585 | सहरसा | लोकमान्य तिलक(ट.) | 06.03.2026 | 27.03.2026 |
| 05586 | लोकमान्य तिलक(ट.) | सहरसा | 08.03.2026 | 29.03.2026 |
| 03225 | दानापुर | चर्लपल्ली | 05.03.2026 | 26.03.2026 |
| 03226 | चर्लपल्ली | दानापुर | 08.03.2026 | 29.03.2026 |
| 05219 | मुज़फ़्फ़रपुर | आनन्द विहार (ट.) | 06.03.2026 | --- |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | मुज़फ़्फ़रपुर | 07.03.2026 | --- |

* निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के ठहराव में निम्नानुसार संशोधन किया गया है :-

| गाड़ी सं. | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| | प्रयागराज जं. पर वर्तमान ठहराव | | सूबेदारगंज पर संशोधित ठहराव | |
| 03257 | 13:45 | 13:50 | 13:45 | 13:50 |
| 03258 | 14:35 | 14:40 | 14:35 | 14:40 |
| गाड़ी सं. | कानपुर सेंट्रल पर वर्तमान ठहराव | | गोविन्दपुरी पर संशोधित ठहराव | |
| 03257 | 16:30 | 16:40 | 16:30 | 16:40 |
| 03258 | 12:20 | 12:30 | 12:20 | 12:30 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 381/26(A)



## होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 03293/03294 पटना-नई दिल्ली-पटना एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या - 03293 (पटना - नई दिल्ली) आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 03294 (नई दिल्ली - पटना) आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ----- | 21:00 | पटना | 12:25 | ----- |
| 02:15 | 02:20 | सूबेदारगंज | 02:15 | 02:20 |
| 04:40 | 04:45 | गोविन्दपुरी | 22:50 | 22:55 |
| 12:50 | ----- | नई दिल्ली | ----- | 14:15 |

• पटना से गाड़ी संख्या 03293, प्रतिदिन, दिनांक : 05.03.2026 से 15.03.2026
• नई दिल्ली से गाड़ी संख्या 03294, प्रतिदिन, दिनांक : 06.03.2026 से 16.03.2026

गाड़ी संरचना : सामान्य श्रेणी : 02, स्लीपर श्रेणी : 04, वातानुकुलित तृतीय श्रेणी : 07, वातानुकुलित तृतीय इकोनामी श्रेणी : 07,

गाड़ी सं. 03639/03640 धनबाद-शकूर बस्ती-धनबाद एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या - 03639 (धनबाद - शकूर बस्ती) आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 03640 (शकूर बस्ती - धनबाद) आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ----- | 18:30 | धनबाद | 23:45 | ----- |
| 06:00 | 06:05 | प्रयागराज | 10:40 | 10:45 |
| 09:00 | 09:05 | गोविन्दपुरी | 07:40 | 07:45 |
| 18:10 | ----- | शकूर बस्ती | ----- | 21:10 |

• धनबाद से गाड़ी संख्या 03639, सोमवार, शुक्रवार, दिनांक : 06.03.2026 से 09.03.2026 • शकूर बस्ती से गाड़ी संख्या 03640, मंगलवार, शनिवार, दिनांक : 07.03.2026 से 10.03.2026

गाड़ी संरचना : सामान्य श्रेणी : 04, स्लीपर श्रेणी : 10, वातानुकुलित तृतीय श्रेणी : 06, वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी : 02,

गाड़ी सं. 06563/06564 यशवंतपुर-धनबाद-यशवंतपुर एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या - 06563 (यशवंतपुर - धनबाद) आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 06564 (धनबाद - यशवंतपुर) आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ----- | 07:30 | यशवंतपुर | 21:30 | ----- |
| 00:10 | 00:15 | प्रयागराज छिवकी | 06:30 | 06:40 |
| 01:23 | 01:25 | मिर्ज़ापुर | 05:08 | 05:10 |
| 10:15 | ----- | धनबाद | ----- | 20:45 |

• यशवंतपुर से गाड़ी संख्या 06563, शनिवार, दिनांक : 21.02.2026 एवं 28.02.2026, 07.03.2026 से 28.03.2026, 04.04.2026 एवं 11.04.2026, 18.04.2026 एवं 25.04.2026 • धनबाद से गाड़ी संख्या 06564, सोमवार, दिनांक : 23.02.2026, 02.03.2026 से 30.03.2026, 06.04.2026 एवं 13.04.2026, 20.04.2026 एवं 27.04.2026

गाड़ी संरचना : वातानुकुलित तृतीय श्रेणी : 02, स्लीपर श्रेणी : 13, सामान्य श्रेणी : 04

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR 379/26(AS)

## मिशन शक्ति5.0" अभियान के तहत मिशन शक्तिटीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्तिके उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच । मिशन शक्ति 5.0" अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं



की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी गई बहराइच मिशन शक्ति 5.0अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा–112 इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन–मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन–102, एम्बुलेंस सेवा–108, महिला हेल्प लाईन–181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई गौ संरक्षण समिति की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच 19 फरवरी। बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय गौ



संरक्षण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि वर्ष 2026–27 हेतु भूसा खरीद के लिए टेण्डर की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाय जिससे जनपद में गेहूँ की मढ़ाई प्रारम्भ होने से पूर्व भूसा क्रय करने की दर स्वी.त हो जाय। डीएम ने कहा कि समय से पूर्व भूसा की दर निर्धारित हो जाने से गोआश्रय स्थलों हेतु आसानी के साथ .षकों भूसा क्रय किया जा सकेगा। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की कि जनपद के सक्षम एवं बड़े .षकों को भूसा दान करने हेतु भी प्रेरित किया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि जनपद में संचालित समस्त गौ आश्रय स्थलों को सी.सी.टी.वी. कैमरों से आच्छादित कर उनके लिंक को जिला मुख्यालय पर स्थापित कमाण्ड सेन्टर से जोड़कर सभी गौशालाओं की प्रभावी निगरानी की जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि कैमरे इस प्रकार से स्थापित किये जायें कि गोआश्रय स्थल के प्रमुख स्थान जैसे गोदाम, प्रवेश द्वार, चरही इत्यादि की बेहतर ढंग से मानीटरिंग किया जा सके। डीएम ने कहा कि कामण्ड सेन्टर पर गो आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाएं। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छुट्टा गोवंशों को गोआश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जाय। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि दूरस्थ क्षेत्रों में जहां पर आवागमन सुगम न होने तथा कम गोवंश संख्या वाले संरक्षण केन्द्रों को आस–पास के गोवंश केन्द्रों में शिट कराकर शासन की मंशानुरूप संचालन सुनिश्चित कराया जाय। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों की संख्या के सापेक्ष फण्ड जनरेट कर बेहतर से बेहतर प्रबन्धन सुनिश्चित करें। डीएम ने सीवीओ को निर्देश दिया कि सहभागिता अभियान अन्तर्गत संरक्षित किये गये गोवंशों का डाटा पोर्टल पर दर्ज कराया जाय। डीएम ने सीवीओ को निर्देश दिया कि शासन की गाइड लाईन के अनुसार समस्त गोआश्रय स्थलों पर सूचना पटल स्थापित कराये जायें। डीएम द्वारा पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से गोआश्रय स्थलों का भ्रमण कर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा के माकूल बन्दोबस्त किये जाएं। बैठक का संचालन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, जिला विकास अधिकारी राज कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मौजूद रहे जबकि उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग किया गया।

## यूजीसी द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनिमय 2026 के समर्थन में धरना प्रदर्शन व पत्रक सौंपा गया

न्यूज वाणी ब्यूरो
मऊ। घोसी आज मऊ जनपद के घोसी विधानसभा क्षेत्र में यूजीसी को समर्थन में उतरे पिछड़ा और दलित व अन्य अति पिछड़ा वर्ग के लोगों ने घोसी तहसील में पत्रक सौंपा गया। समाजवादी पार्टी के नेता ओमप्रकाश सिंह बागी ने बताया कि हम लोग यह पत्र विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (न्ळब् ,) द्वारा 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनिमय 2026 के प्रति अपनी पूरा समर्थन व्यक्त करने के लिए लिख रहे हैं ये विनिमय पूरे भारत के कालेजों और विश्वविद्यालयों में निष्पक्ष और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाने की दशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन नए विनियमों का उद्देश्य सरल व प्रभावी है उच्च शिक्षा में समानता को बढ़ावा देना और भेदभाव को रोकना।कई वर्षों से वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को कक्षा, छात्रावास, पुस्तकालय रैगिंग,वाइवा और अन्य शैक्षणिक संस्थानों पर उत्पीड़न भेदभाव व अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ता है 2016 में रोहित वेमुला और पायल तड़वी दो ऐसे होनहार छात्रों को हैदराबाद विश्वविद्यालय व मुम्बई में भयंकर उत्पीड़न तथा जातिगत भेदभाव के कारण आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया गया। यूजीसी के रिपोर्ट में 118: उत्पीड़न व भेदभाव की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2026 के ये विनियम इस समस्या को समझते है और हर उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए स्पष्ट कदम तय करते हैं ताकि सभी छात्रों, शिक्षको और कर्मचारियों के साथ सम्मान गरिमा और समानता का व्यवहार हो ये विनियम यूजीसी के कानूनी ढांचे के अन्तर्गत लाए गए हैं

## मंडल कारागार बांदा में बंदियों की बढ़ती संख्या व सुरक्षा के मद्देनजर बनाई जा रहीं हाई सिक्योरिटी बैरकें

### -जेल में बंदियों को रहने में न हो असुविधा इसको लेकर सरकार बनवा रही 4 नई हाईटिक बैरकें
### -बढ़ रहे बंदियों का दबाव होगा कम व संवेदनशील अपराधियों के लिए अलग व सुरक्षित स्थान होगा सुनिश्चित
### -30 बंदियों की छमता वाली होगी एक हाईटिक बैरक

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। मंडल कारागार बांदा में बंदियों की बढ़ती संख्या और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार यहां पर अब आधुनिक बैरकों का निर्माण करा रही है। यहां पर 30–30 बंदियों की छमता वाली 4 बैरकें बनाई जा रही है। बैरकों के निर्माण का उद्देश्य बंदियों की बढ़ती संख्या और सुरक्षा को अभेद्य बनाना है। बैरकों का निर्माण 4 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से कार्यदायी संस्था न्च्च्छै (उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड) के द्वारा कराया जा रहा है। वहीं बैरकों का निर्माण कार्य लगभग 20: तक पूरा हो गया है और अक्टूबर 2026 तक निर्माण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है। बंदियों का दबाव होगा कम, संवेदनशील अपराधियों को मिलेगी अलग जगह बांदा मंडल कारागार में बढ़ रहे बंदियों के दबाव व संवेदनशील अपराधियों के लिए अलग व सुरक्षित स्थान देने के उद्देश्य से 4 बैरकें बनवाई जा रही हैं। यहां पर 2 मंजिला 2 भवन बनाये जा रहे हैं। जिसमें 4 बैरकें बनाई जा रही हैं। साथ ही बैरकों के बाहर बनी एक सर्किल वाल में 85 मीटर का नया निर्माण भी कराया जा रहा है। जो सुरक्षा के लिहाज से बेहतर है। वहीं बैरकों के बन जाने के बाद यहां पर बढ़ रहे बंदियों का दबाव कम होगा। बैरकों




के निर्माण का लगभग 20: कार्य हुआ पूर्ण न्च्च्छै के अपर परियोजना प्रबंधक आयुष सोमवंशी ने बताया कि मंडल कारागार बांदा के अंदर 4 बैरकों का निर्माण कराया जा रहा है और लगभग 20: कर पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में अभी दीवारों का निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही बंदियों के नहाने के लिए अलग से यहां पर एक प्लेटफार्म भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा 85 मीटर की सर्किल वाल का भी निर्माण कराया जा रहा है।

## प्रदेश अध्यक्ष पर हमले के विरोध में कांग्रेसियों ने गांधी पार्क में दिया धरना

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय पूर्व मंत्री के आवाहन पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में शहर के मध्य नगर पालिका प्रांगण में स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वर्तमान सरकार की नीतियों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं सरकार विरोधी नारेबाजी की गई इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मीडिया को बतलाया की माननीय प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के नेतृत्व में मनरेगा सहित प्रदेश की अन्य प्रमुख ज्वलंत समस्याओं को लेकर विधानसभा का घेराव गांधीवादी लोकतांत्रिक तरीके से किए जाने को लेकर वर्तमान में प्रदेश में काबिज भाजपा सरकार के इशारे पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया जिससे कांग्रेसी विधानसभा का घेराव करने ना जा सके लेकिन प्रदेश अध्यक्ष सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस बात की परवाह न करते हुए विधानसभा का घेराव करने के लिए कूच किया गया पुलिस द्वारा रास्ते पर ही रोके जाने को लेकर संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो गई योगी सरकार के चहेते पुलिस अधिकारियों ने गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन को निकले कांग्रेसियों पर लाठी चार्ज करवाया गया फिर भी कांग्रेसी नहीं रुके बेरी केटिंग तोड़कर एवं बेरी कैटिग के ऊपर चढ़कर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते नजर आए इस लाठी चार्ज में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को काफी गंभीर चोटें आई एवं पूरे प्रदेश से लखनऊ जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कई जिलों मे हाउस अरेस्ट किया गया इससे ऐसा प्रतीत होता है की वर्तमान सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास न कर तानाशाही कर आंदोलन को कुचलने का कुचक्र किए जाने को लेकर अपनी वाहवाही मानती है लेकिन प्रदेश का एक–एक कांग्रेसी कार्यकर्ता माननीय सोनिया गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सदैव खड़ा मिलेगा किसी भी दशा में झुकने वाला नहीं है और न हीं डरने वाला है इन्हीं सब बातों को लेकर आज हमारा वर्तमान सरकार को जगाने के लिए गांधीवादी तरीके से गांधी प्रतिमा पर विरोध प्रदर्शन किया गया है।



इस अवसर पर एआईसीसी सदस्यध्मनरेगा चेयरमैन रमेश चन्द्र कोरी, पीसीसी पवन देवी कोरी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह, जिला उपाध्यक्षध्संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला एडवोकेट, सूरज बाजपेई एडवोकेट, बल्देव वर्मा एडवोकेट, जिला महामंत्रीध्मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, कालीचरण निगम, जितेन्द्र गौरव, जिला प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, इरफान खान सभासद, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, जिला वक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू, जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा, रामकुमार सिंह, कालीचरण साहू, अम्बिका प्रसाद खेंगर, रामसनेही गौतम, अमित तिवारी, देवेन्द्र सिंह एडवोकेट, राजबहादुर गुप्ता, अशोक सिंह चौहान, आरिफ निजामी, जिलानी दुर्रानी, अशोक वर्धन कर्ण, सुखदेव गांधी, रफत खान, सेवालाल उपस्थित रहे।

## गौ सम्मान गौ आवाहन अभियान की विशेष बैठक में महेश प्रजापति जिला प्रभारी नियुक्त

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। गौ सम्मान गौ आवाहन अभियान अभियान को लेकर लखनऊ में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें गौ माता राष्ट्र माता घोषित करने हेतु भारत के सभी पूज्य साधु संतों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है कि गौ माता गौ राष्ट्रमाता घोषित करें इसी के तहत आज उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी एवं



एवं प्रदेश के सह प्रभारी व नियुक्त किए गए इसके बाद 75 जिले में प्रभारी नियुक्त किए गए जिनको अपने–अपने जिले में 21 लोगों की टीम बनाकर इस अभियान को गांव–गांव तक पहुंचना है इसके बाद तहसील प्रभारी भी नियुक्त किए जाएंगे तहसील प्रभारी भी 21 लोगों की टीम बनाकर गांव–गांव इस अभियान से लोगों को जोड़ेंगे प्रवीण कुमार दुबे जी को प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है प्रदेश का सह प्रभारी नीरज कुमार सैनी को और प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चंदेल को नियुक्त किया गया है इसी दौरान बांदा जिले से महेश कुमार प्रजापति को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है महेश कुमार प्रजापति की नेतृत्व में पूरे जिले में इस अभियान को जोर–शोर से गांव–गांव तक पहुंचाया जाएगा महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए हर वर्ग को जोड़ा जाएगा इससे आने वाले समय पर 27 अप्रैल 2026 को विशाल शोभा यात्रा निकालकर तहसीलदार को ज्ञापन सोपा जाएगा साथ ही सभी तहसीलों में भी तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा इस दौरान बांदा से राजाराम राही लोहा सिंह अखिलेश यादव।

## उल्टी ने खोला छिपे फाइलेरिया का राज

### -तपेसिपाह की घटना बनी जागरुकता का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच । जरवल ब्लॉक के तपेसिपाह गांव में सामूहिक दवा सेवन अभियान (एमडीएध्आईडीए) के दौरान घटी एक छोटी–सी घटना अब बड़े संदेश में बदल गई है। परिवार के सभी सदस्यों ने फाइलेरिया से बचाव की दवा ली थी। कुछ ही देर बाद 17 वर्षीय बेटी और बहू को उल्टी होने लगी। परिजन घबरा उठे कि कहीं दवा का दुष्प्रभाव तो नहीं हो गया। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य टीम मौके पर पहुंची। चिकित्सकीय निगरानी के साथ परिवार को पूरी जानकारी दी गई और जल्द ही वे सामान्य हो गईं। स्वास्थ्यकर्मियों ने परिवार को समझाया कि यह दवा का नुकसान नहीं, बल्कि शरीर में लंबे समय से छिपे सूक्ष्म फाइलेरिया .मियों के नष्ट होने की सामान्य प्रतिक्रिया है। जिन लोगों में संक्रमण नहीं होता, उन्हें आमतौर पर कोई लक्षण महसूस नहीं होता। आशा कार्यकर्ता गुड़िया देवी ने बताया कि शुरुआत में परिवार भयभीत था, लेकिन सही जानकारी मिलने के बाद उनकी आशंका दूर हो गई। अब पूरा परिवार दवा के महत्व को समझ चुका है और दूसरों को भी जागरूक कर रहा है। फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली गंभीर और लाइलाज बीमारी है, जो वर्षों तक बिना लक्षण के शरीर में छिपी रह सकती है। वीबीडी नोडल एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. अनुराग वर्मा के अनुसार यही संक्रमण आगे चलकर हाथ–पैर में सूजन या हाइड्रोसील जैसी जटिलताओं का कारण बनता है। इसी को देखते हुए जरवल ब्लॉक में 10 से 28 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक निर्धारित लक्ष्य का 42 प्रतिशत पूरा करते हुए 1.20 लाख से अधिक लोग बचाव की दवा सेवन कर चुके हैं। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया जिले में हाथीपांव के 474 और हाइड्रोसील के 165 मरीज चिन्हित हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि फाइलेरिया एक गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती है। उन्होंने दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र लोगों से दवा सेवन की अपील की और बताया कि उल्टी, हल्का बुखार या मितली जैसे लक्षण अस्थायी होते हैं और



संक्रमण समाप्त होने के संकेत हैं। अधिक समस्या के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल का भी गठन किया गया है। फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने बताया दवा सेवन के बाद उल्टी, बुखार या कमजोरी महसूस हो तो सोमवार या गुरुवार को रात्रि 8:30 बजे जिला ट्रामा सेंटर स्थित फाइलेरिया नियंत्रण कक्ष में जांच कराएं। पुष्टि होने पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध है। फाइलेरिया लाइलाज है लेकिन लक्षण से पहले जांच, उपचार से हाथीपांव या हाइड्रोसील जैसी जटिलताओं से बचाव संभव है।

## बिलगांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन व्यास ने सुदामा चरित्र का रसपान कराया।

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। बिलगांव गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के आज अंतिम दिन कथाव्यास आचार्य पं नरेंद्र पांडेय जी महाराज द्वारा सुदामा चरित्र का रसपान कराया भगवान श्री.ष्ण और सुदामा की मित्रता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मानव जीवन प्राणी को इस तरह की मित्रता से सीख लेनी चाहिए। बिलगांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस बुधवार को कथाव्यास आचार्य नरेंद्र जी महाराज ने



बताया कि सुदामा और श्री.ष्ण की बचपन से मित्रता थी श्री.ष्ण ने सुदामा को श्राप दिया कि जाओ मित्र के साथ कपट किया है दरिद्र बन जाओगे श्राप बस सुदामा गरीब ब्राहण हो गए पत्नी सुशीला के समझाने के बाद भटकते भटकते भगवान श्री.ष्ण के द्वारिकाधाम पहुंचे जैसे ही द्वारपालों ने ब्राहण सुदामा को देखा और भगवान श्री.ष्ण से बताया कि हे नाथ सुदामा नामक ब्राह्मण आपसे मिलने आया है इतना सुनते ही भगवान अपने सखा से मिलने के लिए नंगे पांव दौड़कर सखा सुदामा को गले से लगाया श्देख सुदामा की दीन दशा करुणा करके करुणा निधि रोए ष्पानि परात का हाथ छुयो नहि नैनन के जल से पग धोएष सुदामा के दीन दशा देख भगवान श्री.ष्ण अपने नेत्रों से बही अश्रुधारा से पाव धोए और महलों में बैठाकर हाल–चाल पूछे चावल की पोटली की भेंट के साथ नारायण श्री .ष्ण ने दरिद्रता दूर कर दी आयोजक सपा नेता रामसागर यादव कथा परीक्षित देवीदयाल यादव दुल्लीदेवी , भगवत प्रसाद यादव सूरजकली देवी ललकबाबू यादव रामबाबू यादव आदि भक्तों के द्वारा आरती पूजन के साथ सभी श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरण किया कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा सपा नेता लोकसभा प्रभारी उमेश यादव,जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा,जिला मीडिया प्रभारीध्प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा, राष्ट्रीय सचिव यूवजन सभा ओमनारायण त्रिपाठी विदित, जिला पंचायत सदस्य रजनी यादव, बउआ परिहार,सुनील कुशवाहा, ब्लाक अध्यक्ष राम सागर यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक हुई संपन्न

### -स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है

न्यूज वाणी ब्यूरो
मऊ। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में व्यक्तिगत शौचालय का लक्ष्य 8552 प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 5072 शौचालय का प्रथम किस्त भेज दिया गया है, अवशेष 3480 शौचालय का पैसा जल्द ही भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फेस 2 के अंतर्गत लाभार्थी द्वारा स्वयं आवेदन करने की सुविधा है जिसके अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदन का सत्यापन ग्राम पंचायत स्तर से विकासखंड के माध्यम से की जाती है एवं पात्र लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन धनराशि दो बराबर किस्तों में दी जाती है। उन्होंने जनपद में नए प्लास्टिक संग्रह स्थल के निर्माण के संबंध में बताया कि जनपद के विकासखंड घोसी के ग्राम पंचायत इटौरा डोरीपुर में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निरीक्षण में लगे अधिकारी अपने फोटोग्रास के साथ निर्माण कार्यों का कलर फोटो उपलब्ध कराएं जिससे स्पष्ट रूप से कार्यों का सत्यापन किया जा सके। जनपद में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत फीकल स्लज मैनेजमेंट इकाई की स्थापना हेतु भूमि का चिन्हीकरण कराए जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने उन पंचायतों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया जहा कार्य अभी लंबित है। उन्होंने कहा कि निर्मित सामुदायिक शौचालयों की साफ–सफाई और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। सिंगल–यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के लिए जन–जागरूकता अभियान चलाने और उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन–आंदोलन है। हमारा लक्ष्य जिले को न केवल खुले में शौच मुक्त बनाए रखना है, बल्कि कचरा प्रबंधन के आधुनिक मानकों को भी लागू करना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी किरन वर्मा, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# इटावा में धूमधाम से निकली छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभायात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद इटावा में कूर्मि क्षत्रिय समाज एवं मराठा समाज के संयुक्त तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मराठा समाज द्वारा अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत होमगंज, इटावा से हुई, जहां से समाज के लोग छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को हाथों में लेकर पैदल मार्च करते हुए ढोल–नगाड़ों और जोशीले नारों "जय भवानी–जय शिवाजी", "हर हर महादेव" के उद्घोष के साथ तलैया मैदान होते हुए पुरविया टोला पहुंचे। पूरा क्षेत्र शिवभक्तों के नारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। पुरविया टोला पहुंचकर स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का जल, दूध



ा, दही, शहद सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से विधिवत अभिषेक किया गया। इसके बाद फूल–मालाएं अर्पित की गईं, नारियल फोड़ा गया तथा मराठी परंपरा के अनुसार थाल सजाकर आरती उतारी गई। उपस्थित लोगों ने शिवाजी महाराज को आदम्य साहस, स्वाभिमान और उत्.ष्ट रणनीति का प्रतीक बताते हुए उन्हें शत–शत नमन किया। इस अवसर पर मराठा समाज के अध यक्ष प्रकाश जाधव एवं उपाध्यक्ष चंदू पाटिल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी एवं महान शासक भी थे, जिन्होंने अपने पराक्रम और कुशल नेतृत्व से स्वराज्य की स्थापना की। वहीं कूर्मि क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार एवं धर्मेश कुमार (मौधू) ने बताया कि शिवाजी महाराज ने 17वीं शताब्दी में हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर देशवासियों को स्वतंत्रता और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया। मराठा समाज के संरक्षक बसंत पाटिल एवं रघुनाथ (काका) ने कहा कि शिवाजी महाराज ने विदेशी और अत्याचारी शासकों से मुक्ति दिलाने के लिए धर्म और स्वदेश की रक्षा का संकल्प लिया था, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरीशंकर पटेल ने प्रध ानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए और सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक भव्यता से मनाया जाए। उन्होंने शिवाजी महाराज के पराक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मराठा साम्राज्य का विस्तार पंजाब, कश्मीर, उड़ीसा और दक्षिण भारत तक हुआ था। कार्यक्रम में आदित्य मराठा, .ष्णा, माधव, अभिनव भदौरिया सहित अनेक युवाओं ने जोशपूर्ण नारे लगाए। जयंती समारोह को सफल बनाने में मराठा समाज एवं कूर्मि क्षत्रिय समाज के प्रवीन, सचिन, विशाल, महेश, विक्रांत, रघुनाथ पाटिल, मनोहर, राजू, विजय, सूरज, उमेश गायकवाड़, नितिन, देशराज वर्मा, वृजभूषण, राजकुमार, शिवम, संजय, ऋषिराज, अजय, मनोज, संदीप सहित सैकड़ों शिवभक्तों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने और समाज व राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया।

# पच्चीस मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का हवन की पूर्ण आहुति के साथ समापन

## –लालपुरा जैन मंदिर मे आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी के सान्निध्य में हुआ सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लालपुरा में तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज जी के अंतिम शिष्य आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी ससंघ विराजमान हैं। उनके पावन सान्निध्य में इन दिनों क्षेत्र में ध र्ममय एवं आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है।आचार्य श्री के सान्निध्य में भव्य पच्चीस मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विधान का शुभारंभ विधानकर्ता शाशिकांत जैन ग्वालियर द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। प्रातःकाल भगवान श्रीजी का अभिषेक संपन्न हुआ तथा आचार्य श्री के मुखारविंद से शांति धारा बोली गई।शांति धारा करने का सौभाग्य विवेक जैन, पीयूष जैन, सोनू जैन, सौरभ जैन, सुनील जैन, अभिषेक जैन, भोलू जैन सहित युवा टीम को प्राप्त हुआ। विधान में पुरुषों एवं महिलाओं ने पीले वस्त्र, मुकुट व मालाएं धारण कर भक्ति भाव से सहभागिता की। विधान में पात्र सौधर्म इंद्र विवेक जैन, कुबेर इंद्र विशाल



जैन (मेडिकल), महेंद्र इंद्र महावीर प्रसाद जैन, यज्ञनायक इंद्र शैलेश जैन तथा राजाश्री पाल सौरव जैन द्वारा हवनकुंड में 108 मंत्रों से आहुतियां अर्पित की गईं। संपूर्ण विधान हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। विधान संगीत की प्रस्तुति लोकेश एंड पार्टी द्वारा दी गई, जिसमें श्रद्धालु भक्ति नृत्य में झूम उठे। सायंकाल श्रीजी एवं आचार्य श्री की सुमधुर संगीत के साथ भव्य महाआरती संपन्न हुई।इस अवसर पर प्रश्न मंच का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेताओं को जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार द्वारा पुरस्.त किया गया।कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता व पकज यादव प्रधान भरथना ने आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन समाज अध्यक्ष, एवं श्रीमती पूजा जैन द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष का पगड़ी व तिलक लगाकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर पूरन जैन, रोहित जैन, वैभव जैन, गौरव जैन सहित श्री दिगंबर जैन साध ु सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सकल दिगंबर जैन समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन चक्रेश जैन द्वारा किया गया।

# इटावा में साइबर सुरक्षा कार्यशाला, विशेषज्ञों ने दिए ठगी से बचाव के टिप्स

## -सुदिति ग्लोबल एकेडमी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन।

## -इटावा पुलिस ने साइबर अपराध नियंत्रण में दर्ज की बड़ी सफलता।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से इटावा पुलिस द्वारा सुदिति ग्लोबल इंटर कॉलेज में गुरुवार को भव्य साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के उच्च अधि ाकारियों की वर्चुअल एवं प्रत्यक्ष उपस्थिति के साथ न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों, छात्रों, बैंक प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन ने ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, फेक कॉल, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया हैकिंग और डिजिटल पेमेंट से जुड़े साइबर अपराधों के बारे में सरल भाषा में समझाया। लाइव डेमो के माध्यम से उन्होंने दिखाया कि किस प्रकार साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों को साइबर सुरक्षा का "3 फॉर्मूला ."जवच,"बंद,"ंतम "पेमसल" अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में वर्चुअल संबोधन के दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ने कहा कि आधुनिक तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में नागरिकों को विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, पासवर्ड या बैंकिंग जानकारी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक से सावधान रहें। साइबर अपराध होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने की सलाह दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज, जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित



कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालयों के छात्र–छात्राओं और अन्य प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के दौरान साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उत्.ष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इटावा पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। पिछले वर्ष 44 साइबर अपराधियों को गिरतार कर जेल भेजा गया, जिनसे 1 करोड़ 97 लाख 10 हजार 556 रुपये की धनराशि बरामद की गई। इसके अलावा 2 करोड़ 2 लाख 27 हजार 784 रुपये की ध ानराशि को सुरक्षित कराया गया तथा अपराध में प्रयुक्त 2412 संदिग्ध ा मोबाइल नंबरों को ब्लॉक कराया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनजागरूकता ही साइबर अपराध ों से बचाव का सबसे प्रभावी माध यम है और इटावा पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन आगे भी लगातार किया जाता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# बकेवर परीक्षा केंद्र पर फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार, पुलिस जांच में जुटी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद इटावा में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के दौरान एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बकेवर क्षेत्र स्थित एक परीक्षा केंद्र पर उपजिलाधिकारी के



औचक निरीक्षण के दौरान एक युवक अपने छोटे भाई की जगह परीक्षा देते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इस घटना से परीक्षा केंद्र पर हड़कंप मच गया और प्रशासनिक अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के तहत हिन्दी विषय की परीक्षा चल रही थी। इसी दौरान उपजिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र और पहचान पत्रों का मिलान किया गया तो एक परीक्षार्थी की पहचान संदिग्ध प्रतीत हुई। गहन जांच करने पर पता चला कि परीक्षा दे रहा युवक वास्तविक छात्र नहीं है, बल्कि वह अपने छोटे भाई की जगह परीक्षा दे रहा था। अधि ाकारियों ने तत्काल आरोपी को हिरासत में लेकर बकेवर थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित ध ााराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस फर्जीवाड़े में और कौन–कौन लोग शामिल हैं तथा परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं कोई लापरवाही तो नहीं हुई। इस कार्रवाई के बाद परीक्षा केंद्र पर मौजूद अन्य परीक्षार्थियों और कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं और किसी भी प्रकार की नकल या फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई को बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि परीक्षा में किसी अन्य के स्थान पर बैठकर परीक्षा देना एक गंभीर अपराध है और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर का आगमन

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच । सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि मा. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (बाल एवं बधुआ श्रम) के स्पेशल मॉनिटर ध ान्जय टिंगल जनपद बहराइच के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत 19 फरवरी को अपरान्ह में जनपद पहुंचकर लो.नि.वि. बहराइच के निरीक्षण गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। श्री टिंगल 20 फरवरी 2026 को जनपद में बाल एवं बधुआ श्रम से संबंधि ात अधिनियमों के क्रियान्वयन तथा उक्त से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु पूर्वान्ह 11:00 बजे निरीक्षण भवन में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी तथा संबंधित गैर सरकारी संगठनों के साथ बैठक करेंगे। श्री टिंगल बैठक के उपरान्त अपरान्ह 02:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

# परशुराम सेवा समिति औरैया के जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी एड. को प्रमाण पत्र सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. के प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में परशुराम सेवा समिति औरैया के जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी एड. का प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने पट्टिका



पहनाकर स्वागत किया और जिलाध्यक्ष औरैया के पद पर मनोनीत होने का प्रमाण पत्र सौंपा स इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों ने श्री अवस्थी को बधाई दी स इसके बाद एक बैठक कर समिति की ओर से ब्लड डोनेट कैंप के आयोजन को लेकर चर्चा हुई जल्द ही एक आवश्यक बैठक कर औरैया में ब्लड डोनेट का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष के के चतुर्वेदी, संरक्षक अनिल दीक्षित, सदस्य संदीप चतुर्वेदी, पंकज तिवारी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# संस्कृत कार्यक्रम में प्रतिभा की चमक, छात्राओं ने कला से जीता दिल

## –नाटक, भजन और रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया शानदार प्रदर्शन।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पंचायत राज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित त्रि–दिवसीय संस्.त कार्यक्रम के दूसरे दिन छात्राओं के उत्साह और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा परिसर नाटक, मधुर भजनों और रंगोली के रंगों से जीवंत हो उठा, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता से समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत नाटक विधा से हुई, जहाँ नौशीन, मुस्कान और रागिनी ने अपनी उत्.ष्ट अभिनय क्षमता का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में सोफिया, अंजलि, सदिया, शिफा और सहेली मजूमदार की टीम ने द्वितीय, जबकि प्रज्ञता, काजल और पल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी कला का लोहा



मनवाया। सुरों की महफिल में श्समूह भजनश प्रतियोगिता के दौरान प्रिया मिश्रा, अंजलि और सहेली की भावपूर्ण प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल का दिल जीतते हुए प्रथम स्थान पाया। वहीं, इरम वारसी, गुलफशा, निदा खान और शोएब की टोली दूसरे और सोफिया, काशिफा व शिफा की टीम तीसरे स्थान पर रही। रंगों के उत्सव श्रंगोलीश में ललिता देवी और प्रिया ने अपने कलात्मक संयोजन से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिया मिश्रा दूसरे और रिमझिम व काजल तीसरे स्थान पर रहीं। इस अवसर पर डॉ. अजय दुबे, दुर्गेश लता भगत, रेखा दीक्षित सहित अन्य विशेषज्ञों के निर्णायक मंडल ने सूक्ष्मता से प्रदर्शन का आकलन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्याम पाल सिंह ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधि ायाँ उनके व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास का आईना हैं। आयोजन के दौरान पूरा विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं, जिससे पूरा वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा।

# मिशन शक्तिटीम ने चकरनगर में महिलाओं को किया जागरूक

## –बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य और योजनाओं की दी जानकारी।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद इटावा के थाना चकरनगर क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज–5.0 के अंतर्गत गुरुवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं को आत्मरक्षा, सतर्कता और सरकारी योजनाओं के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 एवं 108, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उपभोक्ता अधिकार, गैस रिसाव और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त टीम ने महिलाओं को विध ावा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रध ानमंत्री छात्रवृत्ति योजना तथा आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मिशन शक्ति टीम ने छात्र–छात्राओं



को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, जागरूक रहने और सीखी गई जानकारी को अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों तक पहुंचाने का संदेश दिया। टीम ने कहा कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है तथा जागरूकता से ही समाज को सुरक्षित और सशक्त बनाया जा सकता है।


## उत्तर मध्य रेलवे

**टेण्डर संख्याः-** 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई-टेण्डर/2026/616 **दिनांकः** 17.02.2026

### ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

**निविदा सं.:** 230-क0वि0-कार्य ठेका-1005-2026

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के रसूलाबाद (RUB), मलवां (MWH), कुरस्ती कलां (KKS) और कंसपुर गुगौली (KSQ) स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म को ऊपर उठाने के कारण 25 केवी ओएचई में संशोधन का कार्य।

**अनुमानित लागतः** रु. 83,85,444.89 | **बिड सुरक्षा राशिः** रु. 1,67,700.00

**निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः** 10.03.2026, 14:00 बजे | **बोली प्रणालीः** एक पैकेट

**निविदा खुलने की तिथि तथा समयः** 10.03.2026, 15:00 बजे | **कार्य अवधिः** 12 महीना

**नोटः(1)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **376/26 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



## होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :-

**गाड़ी संख्या 09343/09344 डॉ.अम्बेडकर नगर-पटना विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.09343 डॉ.अम्बेडकर नगर-पटना | | स्टेशन | गाड़ी सं.09344 पटना-डॉ.अम्बेडकर नगर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:00 | डॉ.अम्बेडकर नगर | 23:55 | — |
| 09:02 | 09:07 | मानिकपुर | 07:00 | 07:05 |
| 10:50 | 10:55 | प्रयागराज छिवकी | 04:40 | 04:45 |
| 12:00 | 12:02 | मिर्जापुर | 03:45 | 03:47 |
| 18:30 | --- | पटना | --- | 21:30 |

- **गाड़ी सं. 09343: डॉ.अम्बेडकर नगर** से दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026, 12.03.2026, 19.03.2026, 26.03.2026
- **गाड़ी सं. 09344: पटना** से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026, 13.03.2026, 20.03.2026, 27.03.2026
- **गाड़ी संरचनाः** वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित तृतीय इकॉनामी श्रेणी-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, स्लीपर श्रेणी-06, सामान्य श्रेणी-03

**गाड़ी संख्या 09025/09026 वलसाड-दानापुर विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.09025 वलसाड-दानापुर | | स्टेशन | गाड़ी सं.09026 दानापुर-वलसाड | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:40 | वलसाड | 21:30 | — |
| 04:00 | 04:02 | मानिकपुर | 23:55 | 23:57 |
| 05:33 | 05:35 | प्रयागराज छिवकी | 20:55 | 21:00 |
| 12:00 | --- | दानापुर | --- | 14:30 |

- **गाड़ी सं. 09025: वलसाड** से दिनांक 23.02.2026 एवं 02.03.2026, 09.03.2026, 16.03.2026, 23.03.2026, 30.03.2026
- **गाड़ी सं. 09026: दानापुर** से दिनांक 24.02.2026 एवं 03.03.2026, 10.03.2026, 17.03.2026, 24.03.2026, 31.03.2026
- **गाड़ी संरचनाः** वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-03, स्लीपर श्रेणी-12, सामान्य श्रेणी-02

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 384/26(D)

